# मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के लिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवा को मेडिकल टीम को किया रवाना

8 मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े





**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से सिक्स सिग्मा मेडिकल टीम को बद्रीनाथ, रुद्रनाथ और हेमकुंड साहिब यात्रा में निशुल्क मेडिकल सेवाओं के लिए रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस की टीम बधाई के पात्र है। राज्य सरकार की ओर से धाम में दी जाने वाली सेवाओं के लिए चिकित्सा टीम को सभी सुविधाएं दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस टीम के हाई एल्टीट्यूड में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।
सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस के मेडिकल निदेशक डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि इस बार मेडिकल टीम यात्रा के दौरान ज्यादातर पॉर्टेबल मेडिकल इक्यूपमेंट का इस्तेमाल करेगी, जिससे यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दी जा सकें।
डॉ. परवेज अहमद ने बताया कि इस बार यात्रा में मेडिकल सेवा देने के लिए सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर की ओर से 45 से अधिक मेडिकल स्टाफ को लगाया जाएगा, जिसमें क्रिटिकल केयर, कार्डियो, मेडिसिन, महिला रोग, रेसप्रेटरी, माउंटेन मेडिसिन के विशेषज्ञ भी अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, चंदन राम दास, प्रमोद नैनवाल एवं सिक्स सिग्मा मेडिकल टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# सीएम ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने रविवार को सरखेत (मालदेवता) प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र में चल रहे राहत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिया।
इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदा प्रभावित भैंसवाड़ा और छमरौली के 13 परिवारों को राहत राशि के चेक भी वितरित किए। इन सभी परिवारों को 3-3 लाख रुपये प्रथम किस्त प्रदान की गई।
इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि क्यारा धनोल्टी मार्ग के अवशेष 04 किमी मोटर मार्ग का निर्माण जल्द किया जाएगा।
मालदेवता के समीप लालपुला एस सिला-मोलधार- सुवाखोली मोटर मार्ग के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत प्रस्ताव भेजा जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए लगातार कार्य चल रहे हैं। अगस्त में जब इस क्षेत्र में आपदा आई थी, उस समय जिला प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य के लिए सराहनीय कार्य किया गया। हेलीकॉप्टर के पायलटों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को बचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान सरकार के साथ जन सहयोग बहुत जरूरी है। आपदा के दौरान सभी को किसी न किसी रूप में आगे आना होगा। इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत दीपक पुंडीर, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, वीर सिंह चौहान,अनुज कौशल, ग्राम प्रधान सरखेत नीलम कोटवाल उपस्थित थे।

# गढ़वाल सांसद रम्माण मेले में करेंगे शिरकत

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत 27 अप्रैल को विश्व सांस्कृतिक धरोहर रम्माण मेले में प्रतिभाग करेंगे।
कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ 26 अप्रैल को श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचेंगे। 27 अप्रैल को भगवान बद्रीविशाल के कपाट खुलने के मुहूर्त पर दर्शन/पूजन के उपरांत बद्रीनाथ में चल रहे मास्टर प्लान कार्यों और यात्रा व्यवस्था की जानकारी लेंगे।
दोपहर में जोशीमठ में जनसंपर्क के बाद रम्माण की धरती सलूड़-डुंगरा पहुंचकर विश्व सांस्कृतिक धरोहर रम्माण मेले में प्रतिभाग करेंगे।
विश्व धरोहर रम्माण के संयोजक डॉ. कुशल भंडारी के अनुसार रम्माण मेले में पहुंचने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी आग्रह किया गया है।



# 'बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों का स्वागत हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा से होगा'

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ-केदारनाथ में कपाट खुलने के अवसर पर श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों का स्वागत हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के साथ होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्देश पर शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी के दिशा-निर्देश पर यात्रा ट्रांजिट कैंप ऋषिकेश और श्री गंगोत्री यमुनोत्री में कपाट खुलने के अवसर पर तीर्थयात्रियों के स्वागत में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के बाद अब 25 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट और 27 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर तीर्थयात्रियों-श्रद्धालुओं के स्वागत में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

# पांच मई को खुलेंगे भगवती नंदा के धर्म भाई लाटू देवता के कपाट

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
हिमालय की गोद में सीमांत उत्तराखंड के जनपद चमोली के देवाल ब्लाक में आठ हजार फीट की ऊंचाई में बसा बेहद खूबसूरत हिमालय का अंतिम गांव है वाण गांव, जहां विराजमान हैं सिद्ध पीठ लाटू देवता का पौराणिक मंदिर।
मंदिर समिति, पुजारी, कुल पुरोहित और ग्रामीण की उपस्थिति में रविवार को लाटू देवता के कपाट खुलने का दिन तय हुआ है। इसमें आगामी पांच मई बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लाटू देवता के कपाट आगामी छह माह के लिए आम श्रद्धालुओं के लिए खोले दिये जाएंगे। इसके बाद श्रद्धालु छह महीने तक लाटू देवता की पूजा अर्चना कर सकते हैं।



पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हीरा सिंह पहाड़ी ने बताया कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री को लाटू देवता के मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर निमंत्रण भेजा है। पर्यटन मंत्री ने मेले में शिरकत करने की हामी भर दी है।
उन्होंने बताया कि इस अवसर पर लाटू मंदिर में एक दिन का बोरी मेला भी हर वर्ष की भांति भव्य रूप से होगा।
बैठक में लाटू देवता के पुजारी खीम सिंह नेगी, हरिदत्त कुनियाल, रमेश कुनियाल, उमेश चंद्र कुनियाल, लाटू मंदिर समिति के उपाध्यक्ष हीरा सिंह पहाडी, जागर गित्योर हुकुम सिह, अवतार सिंह, खिलाफ सिंह, देवेंद्र सिंह पंचोली, महिला मंगल दल अध्यक्ष नंदी देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामेश्वरी देवी, ढोल वादक बखतावर राम, भवान राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।
**ये है मान्यता-**
कहते हैं कि भक्त की एक ही पुकार पर भगवान दौड़े चले आते हैं, लेकिन भगोती नंदा के धर्मभाई और भगवान शिव के साले लाटू की माया ही निराली है। लाटू देवाल क्षेत्र (चमोली) के ऐसे देवता हैं, जिनके दर्शन भक्त तो दूर, खुद पुजारी भी नहीं कर सकता। मंदिर के कपाट बैसाख के महीने पूर्णिमा को खुलते हैं और छह माह बाद मंगशीर्ष पूर्णिमा को बंद कर दिए जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### केदारनाथधाम में बर्फबारी, चारधाम यात्रियों का पंजीकरण रोका गया

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उच्च पर्वतीय क्षेत्र में हो रही ताजा बर्फबारी का असर चारधाम यात्रा पर पड़ना शुरू हो गया है। इस वजह से केदारनाथधाम जाने वाले श्रद्धालुओं का ऑफलाइन पंजीकरण रोक दिया है। गढ़वाल मंडल के अपर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्यूरियाल ने इसकी पुष्टि की है।
अपर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्यूरियाल ने कहा है कि केदारनाथधाम क्षेत्र में बर्फबारी होने से रास्ता बंद हो गया है। इसलिए यह फैसला किया गया। फिलहाल केदारनाथधाम के दर्शन के लिए आज (रविवार) ऋषिकेश और हरिद्वार में ऑफलाइन पंजीकरण नहीं होगा। दोनों कार्यालयों के प्रभारियों को इस संबंध में सूचना देकर आगाह कर दिया गया है।

### घरेलू समानता पर बनी एरियल की नयी भावनात्मक फिल्म दर्शाती है कि दंपतियों को 'साथ रहना है, तो साथ देना भी है'

**देहरादून**। भारत के बड़े डिटर्जेंट ब्रांड, एरियल ने साल 2015 में #शुरू किया था ताकि वे घरेलू कामकाज के समान बँटवारे के बारे में सार्थक बातचीत को बढ़ावा दे सकें और ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में पुरुषों को घरेलू कामकाज में हाथ बटाने के लिए प्रोत्साहित कर सकें। इस मुद्दे पर बातचीत को जारी रखने और परिवारों के भीतर समानता के संदेश को लगातार आगे बढ़ाने की बात को ध्यान में रखते हुए, एरियल ने हाल ही में अपनी नई फिल्म 'सी द साइन्स #रँश्ीळौछङ्ग्ंह्ळि को लॉन्च किया। ब्रांड ने अपनी इस साल की मुहिम में लंबे समय तक असमान बँटवारे के शादी के रिश्ते पर पड़ने वाले प्रभाव को उजागर किया है, ताकि दंपति इसे समझें और घरेलू कामकाज में आज ही से हाथ बटाने लगें, ताकि उनका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहे। एरियल की नई फिल्म सवाल उठाती है कि " आपके वैवाहिक जीवन में आप एक साथ आगे बढ़ रहे हैं या अलग-अलग? घरेलू कामकाज के बँटवारे में असमानता को नजरअंदाज करने से कुछ दंपतियों के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ रही है। हाल में किए गए एक सर्वेक्षण के नतीजे बताते हैं कि, 74 प्रतिशत महिलाओं ने घरेलू कामकाज को साझा करने के बारे में बात करना भी छोड़ दिया है। घरेलू कामकाज में जीवनसंगिनी का साथ देने से, दंपति के बीच में लगाव और खुशहाली को बढ़ावा मिल सकता है। सर्वेक्षण में शामिल 95 प्रतिशत से अधिक दंपतियों का मानना है कि मिल-जुलकर घर का कामकाज करने से उनके रिश्ते में सुधार होगा।

# मठ-मंदिरों से निकलकर संतों ने गरुड़ चट्टी में खुले शराब ठेके के विरोध में दिया धरना

8 ठेका बंद नहीं हुआ तो संत अन्न-जल के साथ प्राण भी त्याग देंगे : स्वामी दया राम दास

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अपने आश्रम मठ-मंदिर गुफाओं और कुटियों में भजन कीर्तन कर साधना करने वाले संतों ने नीलकंठ मार्ग पर स्थित गरुड़ चट्टी में खुले अंग्रेजी शराब ठेकों के विरुद्ध ठेके के बाहर धरना देकर अपना विरोध प्रकट किया।
अखिल भारतीय संत समिति के महामंडलेश्वर स्वामी दया रामदास, महंत रवि प्रपन्नाचार्य, जगन्नाथ



आश्रम के महंत लोकेश दास के नेतृत्व में जनपद पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत नीलकंठ मार्ग पर गरुड़ चट्टी में खुले सरकारी शराब के ठेके के विरोध में संतों ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार रविवार को धरना दिया। इस दौरान संतों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि एक और भाजपा की सरकार अपने आपको राम भक्त कहलाने का दावा करती है तो दूसरी ओर पूरे उत्तराखंड में जगह-जगह शराब के ठेके खोलकर देवभूमि उत्तराखंड के युवाओं को नशे में झोंकने का काम रही है। इससे देव भूमि की गरिमा को ठेस पहुंच रही है।
इसके विरोध में संत कई बार सरकार को ज्ञापनों के माध्यम से चेतावनी भी दे चुके हैं। इन ज्ञापनों का संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी ने गरुड़ चट्टी में खोले गए ठेके को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के निर्देश भी दिए थे। इसके बावजूद भी इसी स्थान पर ठेके में खुलेआम शराब बेची जा रही है, जिसके कारण नीलकंठ महादेव पर जल चढ़ाने जाने वाले तीर्थ यात्रियों की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।
इतना ही नहीं इस ठेके के गरुड़ चट्टी में खुलने के बाद राफ्टिंग करने वाले पर्यटक भी शराब पीकर गंगा में अश्लील हरकतें करते हुए गंगा जी में शोर मचा रहे हैं, जिससे गंगा किनारे आश्रमों कुटियों ,मठ मंदिरों में भजन कीर्तन और तप करने वाले संतों की साधना बाधित हो रही है।संतों ने चेतावनी दी कि जब तक गरुड़ चट्टी में खुला ठेका बंद नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अगर इसके बावजूद भी सरकार नहीं चेती तो संत अन्न जल के साथ अपने प्राण भी त्याग देंगे।
धरना देने वाले संतों में स्वामी अखंडानंद ,महंत छोटन दास, स्वामी श्यामसुंदर दास, स्वामी प्रमोद दास, स्वामी महावीर दास, स्वामी शिव स्वरूप दास, स्वामी रामकृष्ण दास, स्वामी योगाचार्य ,स्वामी चिन्मयानंद, स्वामी रामदास, प्रधान नैन सिंह, प्रधान चंद्र, प्रधान आशीष थलवाल, विनोद भंडारी, स्वयंवर सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# गुरुद्वारा सिंह सभा के कीर्तन दरबार में संगत हुई निहाल

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
श्री सुखमणि साहिब सेवक जत्थे का गुरुद्वारा सिंह सभा के गुरुद्वारा में महान कीर्तन दरबार के दौरान भजन सुनकर संगत निहाल हुई, जो एक यादगार के रूप में साबित हुआ।
श्री सुखमनी साहिब सेवक जत्था के सहयोग से बेहद भव्यता के साथ महान कीर्तन दरबार सजाया गया था। संगत को गुरु का अटूट लंगर भी बताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सिख संगत ने हाजिरी देकर गुरुवाणी का आनंद लिया है।

# शहर की 217 सड़कों की देखरेख करेगा नगर निगम

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी शहर की बदहाल सड़कें लोगों के लिए मुसीबत बन रही है जगह-जगह सड़कों पर गड्ढे और रोड कटिंग के चलते लोगों का सड़क पर चलना दुश्वार हो गया है। सड़कों की मरम्मत को लेकर कई बार पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के बीच विवाद भी सामने आते रहे हैं। ऐसे में अब पीडब्ल्यूडी ने शहर की 217 आंतरिक सड़कों को नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया है।
अब शहर की इन सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी नगर निगम की हो गई है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार ने बताया कि हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के शहर से जुड़े 217 सड़कों को विभाग ने नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया है। नगर निगम हल्द्वानी के पास अब 188 किलोमीटर सड़क की देखभाल करेगा, जबकि शहर के 17 मुख्य सड़कों की देखरेख की जिम्मेदारी अब पीडब्ल्यूडी करेगा। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों हुए बैठक में सड़कों के बंटवारे में संशोधन की कार्रवाई की गई है। शासनादेश के तहत शहर के मुख्य मार्ग के करीब 35 किलोमीटर सड़क की देखरेख पीडब्ल्यूडी करेगा।
उन्होंने बताया कि इसके अलावा पीडब्ल्यूडी के पास लालकुआं, कालाढूंगी क्षेत्र की 559 ग्रामीण मार्ग हैं। शासनादेश के तहत शहर की मुख्य सड़कों को छोड़कर नगर पंचायत नगर, नगर निगम क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी अब नगर निगम नगर निकाय की होगी। स्टेट हाइवे की सड़कों की मरम्मत पीडब्ल्यूडी विभाग कर रहा है।



# श्री गंगा सभा के गंगा सेवक दल ने गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गंगा घाट के अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत श्री गंगा सभा के दल ने हरिद्वार के विष्णु घाट पुल से गऊघाट पुल तक गंगा घाट स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।
इस मौके पर सचिव उज्जवल पंडित ने कहा कि आज जिस प्रकार अयोध्या में भगवान रामलला का 155 देशों के जल द्वारा अभिषेक किया जा रहा है। यह सीधे इस बात का संदेश है कि हम भारतवासी भारत ही नहीं अपितु विश्वभर में बहने वाली प्रत्येक नदी को पवित्र नदी मानते और सभी में गंगा जैसी आस्था रखते हैं। आज का दिन भारत के लिए बड़ी उपलब्धि भरा है। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि जिस गंगा नदी के नाम को पाने के लिए विश्वभर की नदियां या वहां के निवासी लालायित रहते हैं, ऐसी पतित पावनी गंगा मां हमारे क्षेत्र से बहती है। ऐसे में गंगा को स्वच्छ, निर्मल रखना, वहां के घाटों की साफ सफाई रखना हम सबकी जिम्मेदारी बन जाती है। उन्होंने कहा कि आज कार्यक्रम भले ही अयोध्या में हो रहा है, लेकिन विश्वभर का आकर्षण का केंद्र अब हमारी गंगा नदी बन जाएगी। अब हमारी जिम्मेदारी बन गई है कि प्रधानमंत्री के विश्वास को कायम रखते हुए भारत को विश्व गुरु के शिखर तक ले जाने में यह अभियान बड़ी भूमिका साबित करेगा। इस अवसर पर पंडित अनिल कुमार कौशिक, पुनीत झा, वैभव भक्त, दीपांकर चक्रपाणि, शिवांकर चक्रपाणि और संभव झा आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड सरकार की केदारनाथ आने वाले यात्रियों से अपील, यात्रा से पहले मौसम लें जानकारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड सरकार सुगम, सुरक्षित और निर्बाध चारधाम यात्रा कराने के लिए कटिबद्ध है। राज्य सरकार ने केदारनाथ धाम में हो रही बारिश-बर्फबारी को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं-पर्यटकों से मौसम के पूवार्नुमान को देखकर ही यात्रा करने की अपील की है।
केदारनाथ धाम में रुक-रुक कर बारिश और बर्फबारी जारी है। देश-विदेश से केदारनाथ धाम आने वाले समस्त श्रद्धालुओं से राज्य सरकार ने धाम जाने से पहले मौसम का पूवार्नुमान देखने की अपील की है। इसके साथ ही बारिश और ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े की व्यवस्था अपने साथ रखें। बर्फबारी और अत्यंत ठंड होने के कारण यात्रा के दौरान तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



सरकार की ओर से सभी यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य संबंधी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। यात्री यात्रा प्रारंभ करने या यात्रा के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने पर तत्काल नजदीकी हेल्थ सेंटर पर जाकर चिकित्सक से परामर्श भी ले सकते हैं। राज्य सरकार बेहतर और सुविधा युक्त यात्रा के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। यात्रा व्यवस्थाओं की नियमित रूप से उच्च स्तर से मॉनिटरिंग की जा रही है।
गंगोत्री-यमुनोत्री धामों के कपाट 22 अप्रैल को खुलने के साथ चारधाम यात्रा का श्रीगणेश हो गया है। 25 अप्रैल को केदारनाथ धाम तो 27 अप्रैल को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे। सरकार ने चारधाम सहित हेमकुंड यात्रा के लिए भी अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता के लिए आउटसोर्स माध्यम से पुरुष और महिला पर्यटन सहायता और सुरक्षा मित्र की तैनाती की व्यवस्था की गई है।
मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून की ओर से केदारनाथ के लिए अगले सात दिनों का पूवार्नुमान जारी किया गया है। 23 और 24 अप्रैल को आंशिक से सामान्य रूप से बादल छाए रहने के साथ एक से दो बार बहुत हल्की से हल्की बारिश/बर्फबारी की संभावना है।
ौसम विज्ञान केंद्र ने 25 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ दोपहर/ शाम की ओर बादल गरजने/ हल्की बारिश/ बर्फबारी की संभावना जताई है।

